खास-खबरें

## सागर जिला सीएम हेल्प लाइन निराकरण में मध्यप्रदेश में प्रथम कलेक्टर ने सभी अधिकारिकारियों को दी बधाई



सागर। कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश एवं मार्गदर्शन में सीएम हेल्पलाइन का संतुष्टि पूर्ण निराकरण करने में सागर जिले को मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। जिले में नबंवर माह में कुल 11 हज़ार 432 शिकायतें प्राप्त हुईं थीं, जिनका संबंधित शिकायतकर्ता से संपर्क कर संतुष्टि पूर्वक 50.65 प्रतिशत निराकरण किया गया। 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों का वेटेज 14.81 प्रतिशत एवं निम्न गुणवत्ता से बंद शिकायतों का वेटेज 10, नॉन अटेंडेंट शिकायतों का वेटेज 10 प्रतिशत इस प्रकार कुल वेटेज स्कोर 84.75 प्रतिशत रहा और जिले ने ए ग्रेड प्राप्त किया। कलेक्टर संदीप जी आर ने सभी अधीनस्थ अधिकारी कर्मचारी एवं शाखा प्रभारी से आगे भी सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का इसी प्रकार संतुष्टि पूर्ण निराकरण करने की आशा व्यक्त की और उन्हें भी बधाई दी। उन्होंने सी एम हेल्पलाइन निराकरण की टीम जिला पंचायत सी ईओ विवेक के वी, अपर कलेक्टर रुपेश उपाध्याय, डिप्टी कलेक्टर विजय डहेरिया ,अभिनव जैन सहित अन्य अधिकारियों को बधाई दी।

## मकरोनिया नगर पालिका सीएमओ क़ो बर्खास्त करने की मांग को लेकर संयुक्त संचालक को सोपा ज्ञापन




सागर। मकरोनिया नगर पालिका सीएमओ पवन कुमार शर्मा को बर्खास्त करने की मांग को लेकर शिवसेना ने नगरीय प्रशासन विभाग सागर संभाग संयुक्त संचालक राजेश श्रीवास्तव को ज्ञापन सौपा शिवसेना उपराज्य प्रमुख पप्पू तिवारी ने कहा मकरोनिया नगर पालिका सीएमओ की सुस्त कार्यप्रणाली से अव्यवस्थाएं फैली हुई है लेकिन नगर पालिका सीएमओ लेनदेन से परहेज करने से बाज नहीं आ रहे कुछ दिन पूर्व मे एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें सीएमओ नक्शा पास करने की बदले आठ लाख रुपए की राशि के लेनदेन की बात करते हुए नजर आ रहे थे नगरी प्रशासन विभाग सागर ने संज्ञान भी लिया था और प्रथम दृष्टया दोषी माना था लेकिन आज दिनांक तक कोई कार्रवाई नहीं है शिवसेना जिला प्रभारी विकास सिंह ने कहा कि अबैध शॉपिंग मॉलों के खिलाफ शिवसेना आंदोलनरत है शिकायत की जा रही है प्रदर्शन आंदोलन हो रहे हैं लेकिन मकरोनिया नगर पालिका सीएमओ नोटिस देकर अपनी पीठ थपथपा रहे हैं युवा नेता मनोज राय ने कहा मकरोनिया नगर पालिका में विकास कार्यों से ज्यादा कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार चल रहा है बिना टेंडर के भुगतान हो रहे है शिवसेना जिला प्रमुख दीपक सिंह लोधी ने कहा कि नक्शा पास करने के के लिए लेनदेन का एक वीडियो तो वायरल हो गया है न जाने ऐसे कितने भ्रष्टाचार किया जा रहे हैं जो सामने नहीं आ पाते शीघ्र ही नगर पालिका सीएमओ को बर्खास्त नहीं किया जाता है तो शिवसेना नगरीय प्रशासन विभाग सागर संभाग कार्यालय का घेराव करेगी ज्ञापन देने वालों आदि जैन आशुतोष तिवारी पंकज दुबे अजय बुंदेला मयंक रजक आयुष जैन सौभाग्य विश्वकर्मा प्रवीण अठिया राहुल विट्ठल उपस्थित थे

## विधायक जैन ने सुधासागर महाराज से लिया आशीर्वाद

**सागर।** वर्णी भवन मोराजी सागर में विराजमान .निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्री 108 सुधासागर जी महाराज के सागर विधायक शैलेंद्र जैन ने सपरिवार सुखद दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया एवं आध्यात्मिक विषयों पर चर्चा कर पूज्य गुरुदेव का मार्गदर्शन प्राप्त किया।



## ओवरलोडिंग के कारण ट्रिपिंग आने से सतत विद्युत प्रदाय बाधित



सागर। नरयावली विधायक इंजीनियर प्रदीप लारिया ने शून्यकाल में प्रश्न के माध्यम से संपूर्ण नरयावली विधानसभा में हो रही अघोषित विद्युत कटौती एवं ओवरलोडिंग से बाधित विद्युत कटौती से संबंधित प्रश्न उठाते हुए ऊर्जा मंत्री से सवाल किया कि सागर 132/33 जो कि जिला मुख्यालय के मकरोनिया 132/33 उच्च दाब केंद्र से निर्गमित है और उक्त लाइन से ही विधान सभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में कृषि,घरेलू एवं अन्य उपभोक्ताओं को विद्युत सेवा उपलब्ध कराई जाती हैं। साथ ही ओवरलोडिंग के कारण बार बार ट्रिपिंग आने से संपूर्ण मकरोनिया, गल्ला मंडी एवं क्षेत्रभर में सतत विद्युत प्रदाय नहीं हो पा रही है।

उल्लेखित उपरोक्त विषयांतर्गत इसके अलावा कोई अन्य वैकल्पिक व्यवस्था नहीं है जिससे भविष्य में उक्त क्षेत्र में भार वृद्धि की संभावना है। प्रश्न के जवाब में ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह ने कहा कि आपका प्रश्न सार्थक है और भविष्य में उक्त क्षेत्र में भार वृद्धि की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए सीहोरा 33 केवी का इंटरकनेक्शन का कार्य RDSS योजना अंतर्गत प्रगतिरत है। साथ ही ऊर्जा मंत्री ने कहा कि दिसंबर 24 तक कार्य पूर्ण होने पर 33 केवी विद्युत लाइन नरयावली में ओवरलोडिंग की समस्या का समाधान हो जायेगा।

### सांसद डॉ. वानखेड़े ने मुलाकात कर केंद्रीय मंत्री गड़करी को सौंपा मांगपत्र

# रीवा-इंदौर-गुजरात एक्सप्रेस हाईवे और सागर में ड्राइविंग एवं टेस्टिंग सेंटर की मांग

सागर

सागर जिले की सड़कों और यातायात को बेहतर बनाने के उद्देश्य से सागर सांसद डॉ. लता वानखेड़े ने केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की और उन्होंने दो प्रमुख प्रस्ताव सौंपे, जिसमें पहला मध्य प्रदेश के रीवा से इंदौर होते हुए गुजरात तक एक्सप्रेस हाईवे परियोजना की स्वीकृति और दूसरा सागर में हैवी व्हीकल ड्राइविंग एंड ट्रेनिंग सेंटर तथा व्हीकल फिटनेस टेस्टिंग सेंटर की स्थापना करने की मांग की।



रीवा-इंदौर-गुजरात एक्सप्रेस हाईवे परियोजना एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य मध्यप्रदेश और गुजरात को आधुनिक सड़क नेटवर्क से जोड़ना है। सांसद वानखेड़े ने मंत्री को इस परियोजना की आवश्यकता और इसके संभावित लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि यह परियोजना रीवा से शुरू होकर भोपाल और इंदौर के रास्ते गुजरात तक एक अत्याधुनिक एक्सप्रेस हाईवे का निर्माण होगा जिससे उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश और गुजरात के बीच सड़क कनेक्टिविटी में उल्लेखनीय सुधार होगा। उन्होंने कहा कि इस हाईवे के निर्माण से न केवल यातायात में सुगमता आएगी बल्कि राज्यों के बीच व्यापार और औद्योगिक गतिविधियों को भी प्रोत्साहन मिलेगा और इससे यात्रा का समय कम होगा तथा ईंधन की खपत भी घटेगी। यह परियोजना मध्य और पश्चिम भारत को जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण आर्थिक मार्ग बनेगा जिससे सामाजिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

परियोजना के लाभ-राज्यों के बीच व्यापार और परिवहन में तेजी आएगी, अत्याधुनिक सड़क निर्माण से यात्रा समय में कमी आएगी, मध्यप्रदेश और गुजरात के आर्थिक संबंध मजबूत होंगे, ईंधन की खपत में कमी से प्रदूषण कम होगा, यह मार्ग राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क को सशक्त बनाएगा। सागर में हैवी व्हीकल ड्राइविंग एंड ट्रेनिंग सेंटर और फिटनेस टेस्टिंग सेंटर सांसद लता वानखेड़े ने सागर जिले में हैवी व्हीकल ड्राइविंग एंड ट्रेनिंग सेंटर और व्हीकल फिटनेस टेस्टिंग सेंटर की स्थापना को आवश्यक बताते हुए कहा कि सागर मध्यप्रदेश के केंद्र में स्थित है, और यह एक प्रमुख यातायात जंक्शन है, यहां से कई राष्ट्रीय और राज्य राजमार्ग गुजरते हैं, जिसके कारण भारी वाहनों का आवागमन अधिक होता है, जबकि वर्तमान में प्रशिक्षित चालकों और वाहनों की फिटनेस जांच के लिए उचित सुविधाओं की कमी है, इससे दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं इस समस्या को हल करने के लिए सागर में ट्रेनिंग सेंटर और फिटनेस टेस्टिंग सेंटर की स्थापना जरूरी है जिससे प्रशिक्षित चालकों की संख्या बढ़ने से सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी, युवाओं को हैवी व्हीकल ड्राइविंग और फिटनेस टेस्टिंग में प्रशिक्षण देकर रोजगार के अवसर प्रदान किए जा सकेंगे, फिटनेस टेस्टिंग सेंटर यह सुनिश्चित करेगा कि सड़क पर चलने वाले वाहन पर्यावरण मानकों का पालन करें, औद्योगिक और व्यावसायिक गतिविधियां बढ़ेगी, सड़क पर सुरक्षित और फिट वाहन चलेंगे, जिससे यातायात व्यवस्था में सुधार होगा इसलिए सांसद वानखेड़े ने इन दोनों परियोजनाओं से होने वाले लाभों को बिंदुवार समझाते हुए मंत्री जी को मांग पत्र सौंपा और सागर जिले में ड्राइविंग और टेस्टिंग सेंटर की स्थापना को अत्यधिक आवश्यक बताते हुए मंत्री से तत्काल दिशा-निर्देश जारी करने की अपील की।

## सागर एसडीम ने मकरोनिया दीनदयाल रसोई में किया भोजन, सराहना की

सागर

मकरोनिया नगर पालिका परिषद मकरोनिया क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 14 में स्थित छेदीलाल भवन में संचालित दीनदयाल रसोई का औचक निरीक्षण एसडीएम सुश्री अदिति यादव ने किया,इस दौरान नायब तहसीलदार सुश्री ऋतु राय मुख्य नगर पालिका अधिकारी पवन शर्मा सहित सिटी मिशन मैनेजर सुश्री राजकुमारी लोधी उपस्थित रही,निरीक्षण के दौरान एसडीम ने रसोई में बन रहे भोजन का स्वाद भी चखा,ओर भोजन की तारीफ भी की। इस रसोई में प्रशासनिक अधिकारी की भोजन करते हुए तस्वीरे सामने आ रही है, लेकिन अब तक यह पता नहीं है की क्या वाकई में आमजन को 5 रुपए में स्वादिष्ट और गुणवत्ता वाला भोजन मिल रहा है,क्योंकि इस रसोई का ना ही कोई टाइम टेबल है और ना ही इतना प्रचार प्रसार है कि जरूरतमंद और कमजोर तपके के लोग यहां भोजन कर सकें,हालांकि कुछ माह पहले यहां से यह जानकारी भी सामने आई थी की रसोई में बिल्कुल घटिया किस्म का भोजन दिया जा रहा है अब वर्तमान में जो प्रशासनिक अधिकारियों के भोजन करते हुए फोटो सामने आ रहे हैं वह सही है या जो जानकारी पहले आई थी वह सही है यह जांच का विषय है,क्योंकि जिस जगह पर यह रसोई संचालित है उससे कुछ दूर ही सब्जी बाजार सहित अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठान है जहां लोगों की हमेशा ही भीड़ नजर आती है यहां रोजाना मजदूर वर्ग से लेकर हर वर्ग के लोग आवागमन करते हैं और यह व्यवस्था उन लोगों पर ज्यादा कारगर है जो जरूरतमंद है या आर्थिक रूप से कमजोर हैं।अगर वाकई में यही 5 रु में वही भोजन दिया जा रहा है जो प्रशासनिक अधिकारी कर रहे हैं तो यह काबिले तारीफ है और उन लोगों के लिए यह किसी वरदान से कम नहीं है जिनके लिए दो वक्त का भोजन जुटना भी भारी है।



## वाहनों के पंचर बनाने में उपयोग होने वाले साल्यूशन क्रीम नाबालिग बच्चों को विक्रय नहीं करें:कलेक्टर

**दमोह ।** नशे के रूप में नाबालिग बच्चों / कम उम्र के बच्चों द्वारा कॉरेक्स कफ सिरप, बोनफिक्स, व्हाइटनर, वाहनों के पंचर बनाने में उपयोग होने वाले साल्यूशन क्रीम एवं थिनर जैसे उत्पादों का उपयोग नशे पर अंकुश लगाने एवं लोक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुये कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर ने दमोह जिले में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति/दुकानदार के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।

जारी आदेश में कहा गया है दमोह जिले में कोई भी दुकानदार कॉरेक्स कफ सिरप पंजीकृत चिकित्सक के नवीन प्रिस्क्रिप्शन के बिना विक्रय नहीं करेगा। इसकी आकस्मिक जांच प्रतिमाह औषधि निरीक्षक द्वारा की जाये तथा अनियमितता पाये जाने पर नियमों के अंतर्गत कठोर कार्यवाही की जाये।

दमोह जिले में कोई भी दुकानदार बोनफिक्स, व्हाइटनर एवं वाहनों के पंचर बनाने में उपयोग होने वाले साल्यूशन क्रीम जैसे उत्पाद/सामग्री का नाबालिग बच्चों को विक्रय नहीं करेगा। इसकी आकस्मिक जांच संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय दण्डाधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस द्वारा की जाये तथा अनियमितता पाये जाने पर नियमों के अंतर्गत कठोर कार्यवाही की जाये।

दमोह जिले में कोई भी दुकानदार थिनर (सामान्यतया रंगों के साथ उपयोग किये जाने वाला उत्पाद) सामग्री नाबालिग बच्चों को विक्रय नहीं करेगा। इसकी आकस्मिक जांच संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय दण्डाधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस द्वारा की जाये तथा अनियमितता पाये जाने पर नियमों के अंतर्गत कठोर कार्यवाही की जाये।

दमोह जिले में कोई भी दुकानदार एसिड/क्षयकारी पदार्थ, चूर्णित (पाऊडर्ड) आर्सेनिक, टेट्राईथाइल लेड सामग्री नाबालिग बच्चों को विक्रय नहीं करेगा। इसकी आकस्मिक जांच संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय दण्डाधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस द्वारा की जाये तथा अनियमितता पाये जाने पर मध्यप्रदेश विष (कब्जा और विक्रय) नियम 2014 के तहत कार्यवाही की जाये।

## फुटबाल टूर्नामेंट में अभिषेक भार्गव व अविराज सिंह हुए शामिल



**सागर।** युवा भाजपा नेता अभिषेक भार्गव और अविराज सिंह कजलीवन मैदान में संकल्प फाउंडेशन एवं जिला फुटबाल संघ के तत्वावधान में आयोजित सागर लीग फुटबाल टूर्नामेंट में शामिल हुए। उन्होंने खिलाड़ियों का परिचय लिया व उत्साहवर्धन किया। अभिषेक भार्गव का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया।

## 180 स्व सहायता समूहों को 4 करोड़ 45 लाख की राशि वितरित

**सागर।** स्व. सहायता समूहों की आजीविका संवर्धन हेतु व उन्हें आर्थिक रूप से शक्त बनाने की दिशा में कलेक्टर श्री संदीप जी. आर. के निर्देशन में म. प्र. राज्य ग्रमीण आजीविका मिशन व मध्यांचल ग्रामीण बैंक द्वारा बैंक लिंकेज कैम्प का आयोजन सागर में किया गया जिसमे 180 स्व. सहायता समूहों को 4 करोड़ 45 लाख की राशि का बितरण किया गया। इस राशि का समूह सदस्य आवश्यकता अनुसार आपस मे वितरण कर अपनी आजीविका गतिविधि में उपयोग करती है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति सुधार हो सके। इस अवसर पर ज्योति स्व. सहायता समूह की अध्यक्ष रजनी सेन ग्राम रजौआ व लक्ष्मी स्व. सहायता समूह की अध्यक्ष द्रोपति कुर्मी ग्राम आमेट विकासखण्ड सागर की महिलाओं को राशि वितरित की गई।

धार्मिक कार्यक्रम

### कथा का श्रवणपान करने के लिए उमड़ रहे श्रद्धालु

# मनुष्य जीवन में अपने आहार और विचार दोनों शुद्ध रखें:चिन्मयानंद बापू

सागर

खेल परिसर के बगल वाले मैदान में चल रही श्री राम कथा के छठवें दिन में बापूजी ने कहा कि भगवान राम के विवाह उत्सव के पश्चात महाराज जनक द्वारा विभिन्न विभिन्न तरह की बहुत वस्तुएं अयोध्या उपहार स्वरूप में भेजी गई। पूज्य बापू जी कथा स्थल पर समस्त श्रद्धालुओं से मिलेंगे। श्रद्धालुजन दर्षन लाभ ले कर पुण्यलाभ अर्जित करें।





बापूजी ने कहा कि आजकल जो विवाह समारोह में मांगने की प्रथा चल गई है वह बहुत गलत है और ऐसे लोभियों के यहां कभी अपनी बेटियों का विवाह न करें जो लोग विवाह को एक सौदा में परिवर्तित कर रहे हैं कथा के माध्यम से उन्होंने दहेज प्रथा का विरोध किया

बाद में राम वनवास की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि प्रभु राम की ही इच्छा से माता केकई ने भारत के लिए गद्दी और राम के लिए वनवास यह दो वरदान मांगे बापूजी ने कहा कि कभी-कभी हमें आशक्ति के कारण भी दुख उठाना पड़ता है इसीलिए इस धरती पर पूर्ण सुखी कोई नहीं हो सकता क्योंकि धरती पर जब स्वयं प्रभु राम के पिता को भी रोना पड़ा तो हम सब तो साधारण मनुष्य के जीवन में है भगवान राम वनवास के दौरान प्रयागराज में रुके बापूजी ने कहा कि जो लोग राम के ऊपर सवाल उठाते हैं राम के अवतार लेने पर सवाल उठाते हैं वह प्रयागराज में जाकर अक्षय वट का दर्शन करें जिसको कई बार मुगल शासन में और अंग्रेजों के शासन में जला दिया गया नष्ट कर दिया गया उसकी पश्चात भी अक्षय वट आज भी प्रयागराज में उपस्थित है और हम उसका दर्शन करते हैं क्योंकि अक्षय वट स्वयं प्रभु राम के जीवन से जुड़ा है जहां वनवास काल के दौरान भगवान राम ने एक रात्रि विश्राम किया था।

आज कथा के माध्यम से भरत चरित्र,सुंदरकांड और राम राज्याभिषेक की कथा के साथ राम कथा का विश्राम किया जाएगा।

कथा में आज मुख्य रूप से मुख्य यजमान प्रतिभा अनिल तिवारी, अभिशेक दीपू भार्गव, सतीष पाठक पत्रकार, अतुल मिश्रा पत्रकार, शिवशंकर मिश्रा, सह यजमान अशोक उपाध्याय, रामअवतार पाण्डे, रामरतन बडौनिया, अनिल दुबे, डॉ. तरूण बडौनिया, अमित बैसाखिया भा.पा. मण्डल अध्यक्ष, नीरज यादव भा.पा. मण्डल अध्यक्ष, सुरेन्द्र सुहाने, अभिशेक गौर, राजीव हजारी, गौरगोपाल पाण्डेय, अभिशेक पुरोहित, अंषुल सिंह, निहाल मिश्रा, मुकेश नायक, आषीश गोस्वामी, सीताराम मिश्रा, कमल तिवारी, अजय श्रीवास्तव, मुन्ना पटैरिया कैलाष रैकवार, गोवरधन रैकवार, उमाषंकर रैकवार, दिलीप बाबू, सभी ने कथा में आरती की। कथा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।